तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 ठंडे जल से स्नान के बाद भगवान हुए अस्वस्थ,...



10 शेड के अभाव में तिरपाल के नीचे चिता जलाने...











## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना की प्रवेश परीक्षा 5 को

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर लिखित परीक्षा 5 जुलाई 2026 रविवार को समय प्रातः 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिये पंडित चक्रपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों हेतु रोल नंबर अलग से जारी नहीं किया गया है। परीक्षा केन्द्र में ही नाम, पिता का नाम व रोल नंबर के अनुसार ही परीक्षा में बैठने की व्यवस्था की गई है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

**समस्या :** लाल मुरुम की जगह मिट्टी मिश्रित मुरुम उपयोग करने का आरोप

# पहली बारिश में सड़क बनी दलदल, तिल्दा-संडी मार्ग निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

तिल्दा–संडी मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों के अनुरूप लाल मुरुम का उपयोग करने के बजाय मिट्टी मिश्रित मुरुम डाली जा रही है। यही वजह है कि बारिश की शुरुआत होते ही निर्माणाधीन सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई है। सड़क पर जगह-जगह पानी भरने और फिसलन की स्थिति बनने से राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली छात्र-छात्राओं को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने, कार्यस्थल का निरीक्षण करने और मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो सड़क बनने के कुछ ही समय बाद फिर मरम्मत की नौबत आ सकती है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी होगी। इस मामले में सीडीओ पी डब्लू डी मदन नायक द्वारा फोन नहीं उठा गया।





### दोपहिया चालकों की मुश्किलें बढ़ीं

बारिश के बाद सड़क पर फैले कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा लगातार बना हुआ है। कई वाहन चालक कीचड़ में फंस रहे हैं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। सुबह और शाम के समय स्कूल आने-जाने वाले बच्चों तथा नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सड़क पर कीचड़ फैलने से दुकानों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। इस मैटर की हेडिंग बनाएं क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए मानक के अनुसार लाल मुरुम का उपयोग किया जाता, तो पहली ही बारिश में सड़क की ऐसी स्थिति नहीं बनती। लोगों ने आरोप लगाया कि मिट्टी की मात्रा अधिक होने से सड़क मजबूत होने के बजाय दलदल में बदल रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### गुणवत्ता जांच की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए मानक के अनुसार लाल मुरुम का उपयोग किया जाता, तो पहली ही बारिश में सड़क की ऐसी स्थिति नहीं बनती। लोगों ने आरोप लगाया कि मिट्टी की मात्रा अधिक होने से सड़क मजबूत होने के बजाय दलदल में बदल रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# अर्जुनी में पशु चिकित्सालय की जमीन पर अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाजपा सरकार के राजस्व मंत्री के गृह जिले में अतिक्रमण किस कदर हावी हैं यह किसी से छुपा नहीं है। अतिक्रमणकारियों के हौसले के आगे राजस्व विभाग बौने साबित हो रहा हैं। राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत की उदासीनता और निष्क्रियता का फायदा उठाते हुए अतिक्रमणकारियों द्वारा लाखों करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा कर मालामाल हो रहे हैं तो वहीं, दूसरी ओर अतिक्रमण ग्राम विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वहीं अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद। ग्राम पंचायत गोगिया में इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय की लगभग 151 एकड़ जमीन पर गांव के ही रसूखदार परिवार द्वारा किए कब्जे और उसे हटाने के लिए पिछले चार पांच सालों से सरपंच एवं ग्रामीण लगातार शिकायत करते आ रहे हैं। फिर भी अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं एक और एक मामला प्रकाश में आया है। बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### अधिनियम में यह है प्रावधान

पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व ग्राम पंचायत को दिया गया हैं। ग्राम पंचायत को अतिक्रमण को हटाने की शक्तियां पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 56 के तहत दी गई है।



## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में आवेदन अब 12 जुलाई तक

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब पात्र विद्यार्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में योजना के तहत आवेदन 22 जून से 3 जुलाई तक आमंत्रित किए गए थे। श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अवधि बढ़ाकर 12 जुलाई कर दी गई है। योजना का लाभ ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में पंजीयन कम से कम एक वर्ष पूर्व का हो तथा जो कक्षा छठवीं में प्रवेश ले रहे हों। विद्यार्थियों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रदेश के चयनित आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

### आयोग ने उपभोक्ता को दिलाई वाहन बीमा की क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार**।बलौदाबाजार बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन के क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 1168580 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 7 हजार रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया। रावाभाटा, रायपुर निवासी परिवादी प्रवीण सिंह द्वारा अपने वाहन ट्रक ट्रेलर का बीमा द ओरिएंटल इन्शुरेन्स कंपनी से कराया था प्रकरण में शराब की मात्रा का उल्लेख नहीं है। इसके अलावा पुलिस जांच में भी शराब के नशे कारण दुर्घटना होना साबित नहीं हुआ है। बीमा कंपनी के उपेक्षा पूर्ण कृत्यों के कारण परिवादी को परेशान होकर उक्त परिवाद आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ा है। अतः विरोधी पक्षकार द ओरिएंटल इन्शुरन्स कंपनी रायपुर की सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 1168580 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 7 हजार रूपये परिवादी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

## पेज 9 का शेष

### अर्जुनी में पशु...

विकासखंड के बड़ी ग्राम पंचायत मेन रोड पर स्थित अर्जुनी में जहां पशु चिकित्सालय की जमीन पर ही गांव के एक रसूखदार व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। अतिक्रमणकारी द्वारा बड़ी मात्रा में जमीन पर कब्जा कर लंबा चौड़ा मकान बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं की पशु चिकित्सालय की जमीन पर हो रहे। अतिक्रमण की शिकायत पशु चिकित्सालय में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नहीं की गई हो। यहां पदस्थ कर्मचारियों द्वारा पशु चिकित्सालय की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी ग्राम पंचायत को लिखित में दी है, उसके बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा आज तक उक्त आक्रमणकारी को नोटिस नहीं दिया गया है। इस संबंध में जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव ने कहा कि पशु चिकित्सालय की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को बंद करने कई बार बोला गया है किंतु अनदेखी कर मनमानी पूर्वक मकान बना रहे हैं। पशु चिकित्सालय की जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण से बेदखल नहीं किया तो गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है। इस संबंध में पटवारी भुनेश्वर साहू ने कहा कि अभी तक ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमण की शिकायत नहीं की गई है। मौके पर जाकर देखता हूं विधिवत कार्यवाही किया जाएगा। इस संबंध में पशु चिकित्सालय में पदस्थ पशु चिकित्सक एस.के.साहू ने बताया कि अतिक्रमण की शिकायत ग्राम पंचायत और जिला कलेक्टर से की गई है। पर आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमणकारी पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते ही आज आलीशान मकान बना रहे हैं और ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग मुकदर्शक बने हुए हैं, जिसके चलते ही उक्त अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद है और जहां भी मन कर रहे हैं, वहां पर अवैध कब्जा कर ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसके अलावा और भी कई जगहों पर अन्य लोगों के द्वारा भी बेजा कब्जा किया गया है।

# राजस्व मंत्री ने ग्राम झोंका में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत झोका में शुक्रवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने महामाया मंदिर सामुदायिक भवन, केश डबरी प्रवेश द्वार, पचरी निर्माण, महतारी सदन, मुक्ति धाम शेड, तालाब गहरीकरण तथा रंगमंच भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और कुर्मी पारा स्थित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## विभिन्न विकास कार्यों के लिए 27 लाख से अधिक की घोषणा





उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर ग्राम के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। इनमें प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, छापड़ तालाब गहरीकरण के लिए 10 लाख रुपये, मुक्तिधाम शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपये, पचरी निर्माण के लिए 3 लाख रुपये, सामुदायिक भवन, ज्योति कक्ष निर्माण के लिए 5 लाख रुपये तथा जागृति महिला मंडल को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा शामिल है। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, बलौदाबाजार जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, ग्राम पंचायत झोका सरपंच हरीराम ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### खैरवारी गांव वर्तमान बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव का है पैतृक ग्राम

# शेड के अभाव में तिरपाल के नीचे चिता जलाने खैरवारीवासी मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

विकसित भारत और ग्रामीण विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच बलौदाबाजार जिले के सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन का आश्रित ग्राम खैरवारी आज भी एक ऐसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहा है, जो हर इंसान की अंतिम यात्रा से जुड़ा है। लगभग 80 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति आबादी वाले इस गांव में आज़ादी के 75 वर्ष बाद भी श्मशान घाट में न तो शेड है, न बैठने की व्यवस्था और न ही बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त सुविधा।

खैरवारी गांव वर्तमान बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव का पैतृक ग्राम है, लेकिन यहां मुक्तिधाम में न तो शेड की व्यवस्था है और न ही पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मुक्तिधाम की सुरक्षा के लिए अहाता (बाउंड्री) का भी निर्माण नहीं किया गया है।

### बैठने की व्यवस्था और पक्के रास्ते का अभाव

गांव की आबादी लगभग 300 से 400 के बीच है, जहां करीब 40 से 60 परिवार निवास करते हैं। पूरे गांव के लिए केवल एक श्मशान घाट है, जिसकी स्थिति बदहाल है। वहां न बैठने की कोई व्यवस्था है, न बारिश से बचाव के लिए शेड और न ही श्मशान तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह विकसित है। बरसात में रास्ता कीचड़ और फिसलन से भर जाता है, जिससे अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।



### मुक्तिधाम सुविधाओं से वंचित

विडंबना यह है कि बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से महज लगभग 25 किमी दूर स्थित इस गांव के आसपास दो-तीन स्टोन क्रेशर, ईंट-भट्ठे और एक सीमेंट प्लांट संचालित हैं। औद्योगिक गतिविधियों के बीच बसे इस गांव में आज तक मुक्तिधाम में एक साधारण शेड तक नहीं बन पाया। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन सबसे जरूरी सार्वजनिक सुविधाओं की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता।

### व्यवस्था पर उठे सवाल

बीते गुरुवार को यह दर्दनाक हकीकत उस समय सामने आई, जब ग्राम की दिवंगत शिक्षिका सुमित्रा ध्रुव के निधन के बाद परिजनों को तेज बारिश के बीच तिरपाल तानकर उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। एक ओर परिवार शोक में डूबा था, वहीं दूसरी ओर बारिश ने उनकी पीड़ा को कई गुना बढ़ा दिया। बारिश से चिता बार-बार प्रभावित हुई और उसे दोबारा जलाने की नौबत आई। परिजन नम आंखों से तिरपाल पकड़कर अंतिम संस्कार की धार्मिक रस्में पूरी करते रहे। यह दृश्य केवल एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि व्यवस्था की उस कमी को उजागर करता है, जहां मृत्यु के बाद भी सम्मानजनक विदाई सुनिश्चित नहीं हो पा रही है।

# नकटी के प्रभावित परिवारों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

## पुतला फूंककर किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ग्राम नकटी के 85 परिवारों के मकानों को वर्षाकाल में तोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को गार्डन चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की कार्रवाई से दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने इसे अमानवीय एवं जनविरोधी कदम बताते हुए प्रभावित ग्रामीणों को न्याय दिलाने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।

कांग्रेस ने राज्य सरकार से मांग की कि ग्राम नकटी के सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत, उचित पुनर्वास और मुआवजा प्रदान किया जाए तथा मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला महामंत्री लखेश साहू, सिद्धांत मिश्रा, प्रवीण सेन, दीपक साहू, सुनील कुर्रे, नीरज बांधे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कबाड़ी दुकानों की चेकिंग में पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अपराध एवं अपराधियों पर लगाम कसने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कबाड़ी दुकानों की सघन चेकिंग का एक विशेष अभियान चलाया गया। इस औचक निरीक्षण अभियान के तहत संबंधित थाना और चौकी की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय कबाड़ दुकानों पर दबिश दी गई।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा कबाड़ संचालकों के व्यावसायिक लाइसेंस, स्टॉक पंजी (रजिस्टर) और क्रय-विक्रय से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की बारकी से जांच की गई। दुकानों में रखे कबाड़ के सामानों का मिलान किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई चोरी का माल या प्रतिबंधित सामग्रियां वहां न छिपाई गई हों।

- कबाड़ संचालकों के लाइसेंस, स्टॉक पंजी और क्रय-विक्रय से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों जांच की गई

पुलिस द्वारा सभी कबाड़ संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे बिना पहचान पत्र (आईडी प्रूफ) के किसी भी अज्ञात व्यक्ति से कोई सामान न खरीदें। यदि कोई संदेहास्पद व्यक्ति सामान बेचने आता है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने को दें।अवैध कबाड़ का कारोबार और चोरी के माल की खरीदी-बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले और अवैध रूप से दुकान संचालित करने वाले कबाड़ियों के खिलाफ आगे भी कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।/" पुलिस की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से अवैध कबाड़ का धंधा करने वाले असामाजिक तत्वों में हड़कंप का माहौल है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पांच दिनों की झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर आई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

लवन तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचल में झमाझम बारिश की शुरुआत हो गई है। तेज बारिश होते ही किसानों के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान आ गई। अंचल में अब तक तेज बारिश नहीं हुई थी जिसकी वजह से किसानों ने सही तरीके से खरीफ फसल के लिए धान बुवाई शुरू नहीं की थी और जिस किसानों ने धान बुवाई की थी, उसे तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण धान बीज खराब होने का चिंता होने लगा था, लेकिन इस बारिश ने अब किसानों की चिंता को दूर कर उत्साह में तब्दील कर दिया है।

मुंडा सहित अंचल के आसपास के गांवों में 30 जून की शाम लगातार हो रहे, झमाझम बारिश ने किसानों की लंबे से चली आ रही परेशानी को दूर कर उन्हें बड़ी राहत दी है। जून के महीने में शुरुआती दौर में मानसून की बेरुखी और कम बारिश के कारण धान की बुवाई प्रभावित हो रही थी। लेकिन प्री मानसून और मानसून की सक्रियता के बाद हुई अच्छी बारिश से खेतों में पानी भरने लगे है जिससे किसान एक बार फिर उत्साह के साथ खेती की तैयारी में जुट गए हैं। भाजपा के एक दिग्गज नेता दयावंत गायकवाड़ ने कहा अब लगातार 5 दिनों से हो रहे, रिमझिम बारिश से किसानों को राहत मिली है। लगातार हो रहे बारिश से खेतों में बोए गए धान की पूर्ण रूप से अंकुरित हो जाएंगे जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगा ।



### सकरी सहित आसपास के गांवों में धान की बुवाई तेज

**खरोरा**। ग्राम सकरी सहित नवापारा, जांगड़ा, मुड़पार, बिलाईडबरी और बिटकुली में इन दिनों धान की बुवाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। क्षेत्र में समय पर और पर्याप्त वर्षा होने से किसानों में उत्साह का माहौल है। आषाढ़ माह की शुरुआत के साथ ही खेतों में बुवाई का कार्य तेजी से जारी है।किसान मुख्य रूप से 1010, महामाया, स्वर्ण एवं करगा मुक्त धान की किस्मों की बुवाई कर रहे हैं। ग्राम सकरी के प्रगतिशील किसान एवं युवा समाजसेवी सूरज कुमार केवट ने बताया कि उन्होंने अपनी 5 एकड़ भूमि में करगा मुक्त धान की बुवाई की है। उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ 10 किलोग्राम बीज को (डीएपी) के साथ मिलाकर बोया गया है। इस तकनीक से खरपतवार की समस्या कम होती है तथा फसल 110 से 120 दिनों में तैयार होकर अच्छी पैदावार देती है। साथ ही इसमें पानी की आवश्यकता भी अपेक्षाकृत कम होती है। उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ लगभग 50 किलोग्राम डीएपी, 20 किलोग्राम पोटाश एवं 20 किलोग्राम यूरिया का उपयोग किया जाता है, जिससे उत्पादन बेहतर होता है। आधुनिक तकनीक से की जा रही इस खेती में लागत भी कम आती है। बीज के साथ आवश्यक रसायन एवं उर्वरक कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जाने से किसानों को अलग से कीटनाशक और अन्य रसायनों के उपयोग में सुविधा मिलती है, जिससे बेहतर एवं बंपर उत्पादन की संभावना रहती है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नारायण वर्मा, प्रशांत बघेल, मनीष कुमार बघेल, कृष्ण कुमार ध्रुव, सनत कुमार वर्मा, प्रेमनाथ वर्मा, लेखचंद साहू, दाऊलाल साहू, चोवाराम वर्मा, रामप्रसाद यदु तथा ओमप्रकाश वर्मा सहित अनेक किसान पूरे उत्साह के साथ धान की बुवाई में जुटे हुए हैं।



### समय पर अस्पताल पहुंचाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

# सड़क हादसा में डायल 112 की तत्परता से दो गंभीर घायलों की बची जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल 112 ने एक बार फिर अपनी त्वरित कार्रवाई से मानवता का परिचय दिया। थाना कसडोल क्षेत्र के बरघाट-असनींद मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दो युवकों को डायल 112 की टीम ने तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार उपलब्ध कराया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम करीब 5.15 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि बरघाट-असनींद मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े थे। सूचना मिलते ही डायल 112 कसडोल बाज-01 में तैनात आरक्षक आशुतोष बंजारे एवं चालक नेतराम पटेल तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने देखा कि एक युवक बेहोश था जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल अवस्था में दर्द से तड़प रहा था। दोनों घायलों सुरेंद्र तिवारी निवासी कसडोल और राकेश महंत निवासी भोपाल मध्यप्रदेश को डायल 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। आरक्षक आशुतोष बंजारे और चालक नेतराम पटेल की तत्परता से दोनों घायलों को समय रहते चिकित्सा सहायता मिल सकी।

# फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई पाक कला में प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ रवान में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं व्यावहारिक जीवन कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पाक कला कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फायरलेस कुकिंग थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न पौष्टिक व्यंजन तैयार किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि पाक कला केवल भोजन बनाने तक सीमित नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और जीवन कौशल का समन्वय है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और विपरीत परिस्थितियों में भी सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने की सीख दी।



प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने भेल, स्प्राउट सलाद और रेनबो सैंडविच, कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने फ्रूट सलाद, फ्रूट जूस एवं मसाला पापड़ चाट, जबकि कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने पापड़ी चाट, दही बड़ा, कटोरी चाट और पनीर रोल तैयार किए।

उप प्राचार्य पद्माकर मिश्रा, समन्वयक एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के स्टॉल का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता का संचालन जे.बी.डी. कृष्णमूर्ति, अभिषेक देवांगन एवं मनीषा पॉल के मार्गदर्शन में हुआ। निर्णायकों ने स्वाद के साथ प्रस्तुतीकरण, पोषण, स्वच्छता, समय प्रबंधन और टीमवर्क के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम कुक सेफ, कुक स्मार्ट, कुक विद हार्ट के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

**खबर संक्षेप**



## आत्मानंद स्कूल की छात्राओं को सरस्वती योजना की साइकिल वितरित

**बलौदाबाजार**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शुक्रवार को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं एसएमडीसी अध्यक्ष नरेश केशरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा, कौशिक मुनी त्रिपाठी, भारत स्काउट एवं गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रीटा केशरवानी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रजनी केशरवानी, एल्डरमेन ताराचंद कन्नौजे तथा पूर्व पार्षद कमल टंडन सहित अन्य अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विद्यालय की प्राचार्य ऋतु शुक्ला एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को शिक्षा के प्रति निरंतर प्रोत्साहित करते हुए योजना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने कहा कि यह योजना छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## महतारी वंदन पोर्टल केवल बस्तर में खोलना महिलाओं के साथ अन्याय

**भटगांव**। नगर पंचायत भटगांव के पूर्व कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी वर्तमान पार्षद प्रवेश दुबे ने महतारी वंदन योजना के पोर्टल को केवल बस्तर संभाग तक सीमित रखने के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्पष्ट करे कि आखिर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की पात्र महिलाओं के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के हितों के प्रति संवेदनशील है तो



महतारी वंदन योजना का पोर्टल केवल बस्तर में ही खोला जा रहा है? क्या बाकी जिलों की महिलाएं इस योजना के पात्र नहीं है या फिर सरकार उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक मान रही है? प्रवेश दुबे ने कहा कि प्रदेश के अनेक जिलों में हजारों ऐसी महिलाएं हैं जो विभिन्न कारणों से अब तक महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं ले सकी हैं। कई महिलाओं के आवेदन छूट गए तो कई दस्तावेजों में त्रुटियां होने के कारण वे योजना से वंचित रह गई।ऐसी स्थिति में सरकार का दायित्व था कि पूरे प्रदेश में एक समान अवसर उपलब्ध कराया जाए ताकि सभी पात्र महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। लेकिन केवल बस्तर में पोर्टल खोलना सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पूरे प्रदेश में पोर्टल खोलने में आखिर ऐसी कौन सी बाधा है।जिसके कारण केवल एक संभाग को इसका लाभ दिया जा रहा है।

# केजहारिन बाई ने मृत्यु पूर्व कराया गोड़ा गांववासियों को सामूहिक भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्रामीण संस्कृति की सबसे बड़ी खूबसूरती आपसी मेल-जोल और एक-दूसरे के प्रति आदर भाव में बसी है। इसी सुंदर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई दिशा नई पहल से आज ग्राम गोड़ा में ग्रामीण न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह सराहनीय और आत्मीय पहल ग्राम की निवासी प्रतिष्ठित बुजुर्ग माता एवं सम्मानित केजहारिन घृतलहरे द्वारा की गई। इस आयोजन ने पूरे गांव को एकता और आपसी भाईचारे के सूत्र में बांधने का काम किया। आदर-सत्कार और परंपरा का निर्वाह केजहारिन घृतलहरे द्वारा आयोजित इस ग्रामीण भोज में पूरे गांव के लोगों को अत्यंत आदर और स्नेह के साथ आमंत्रित किया गया था। आयोजन के दौरान घृतलहरे परिवार का पारंपरिक सत्कार और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी ने एक साथ बैठकर बड़े ही सम्मान आदर भाव से भोजन प्रसादी ग्रहण की और इस सुंदर सामूहिक पल का आनंद लिया। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे ग्रामीण भोज आपसी रिश्तों को नया जीवन देते हैं। केजहारिन घृतलहरे का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण अंचलों में आज भी प्राचीन संस्कार और सामाजिक ताना-बाना पूरी मजबूती से जीवंत है। इस तरह के आयोजनों से न केवल आपसी मनमुटाव दूर होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है।

### सामाजिक समरसता को मिला बल, ग्रामीणों ने ग्रहण की भोजन प्रसादी



**ग्रामीणों ने जताया आभार**

भोज की गरिमामयी समापन पर उपस्थित वरिष्ठों प्रबुद्धजनों, बुजुर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों ने केजहारिन घृतलहरे और उनके पूरे परिवार के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया। सभी ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से इस सफल आयोजन की सराहना की और ईश्वर से प्रार्थना की कि घृतलहरे परिवार में हमेशा सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। यह ग्रामीण भोज ग्राम गोड़ा के निवासियों के बीच आपसी स्नेह, सम्मान और अटूट सद्भावना के एक यादगार अध्याय के रूप में संपन्न हुआ।

### सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा सहकारिता सप्ताह

# लवन सहकारी समिति में किसान संगोष्ठी और सहकारिता मेला लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

सहकारिता मंत्रालय गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के पंजीकृत सभी सहकारी समितियों में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के परिपेशय में मॉडल समिति लवन में कृषक संगोष्ठी सह सहकारिता मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के उप पंजीयक उमेश गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि सहकारी समिति अब केवल कृषि कार्य ही नहीं कर रही है, बल्कि सरकारी समिति गैर कृषि कार्य भी कर रही है। पूर्व में सहकारी समितियां के माध्यम से किसानों को ऋण, खाद बीज, दवाई प्राप्त होती थी, अब सरकारी समितियां उक्त कार्य की अतिरिक्त आधार सेवा केंद्र का संचालन, परिवहन सुविधा केंद्र का संचालन, माइक्रो एटीएम की सुविधा, ड्रोन का संचालन, पेट्रोल एवं डीजल आउटलेट, एलपीजी वितरक, तथा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का संचालन कर रही है, अब प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां बहुउद्देशी हो चुकी है, समिति हर प्रकार के कार्य करने के लिए स्वतंत्र है। कार्यक्रम में उप पंजीयक उमेश गुप्ता, सहायक संचालक कृषि श्री एन की भारद्वाज, नोडल अधिकारी श्री जी एन साहू, जनपद अध्यक्ष बलौदाबाज़ार सुलोचना यादव, नगर पंचायत लवन के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, जनपद सदस्य, सरपंच गण समिति के प्राधिकृत अधिकारी दुर्गेश बाजपेयी, समिति प्रबंधक सोमदत्त यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, गौ सेवा अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**नवीन तकनीक के बारे में दी जानकारी**

किसान सहकारी समिति से जुड़कर लाभ प्राप्त करने हेतु किसानो को अनुरोध किया गया है। कृषि विभाग से सहायक संचालक श्री एन के भारद्वाज के द्वारा किसानों को कृषि के नवीन तकनीक के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें नैनो यूरिया नैनो डीएपी ड्रोन तकनीक से जुड़ कर किसानों को लाभ लेने की जानकारी दी गई।




**435 करोड़ रुपये के कृषि ऋण की जानकारी**

कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू द्वारा सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को 435 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण दिए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही बैंक के द्वारा गोपालन मछली पालन ऋण, मध्यमकालीन ऋण अंतर्गत तार घेरा,ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, जेसीबी ऋण एवं अन्य कृषि ऋण देने की जानकारी कृषको को दिया गया, कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को केसीसी कार्ड, रुपए कार्ड, एटीएम कार्ड का वितरण किया गया।



## ठंडे जल से स्नान के बाद भगवान हुए अस्वस्थ, लग रहा जड़ी-बूटियों से निर्मित काढ़े का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्नान पूर्णिमा पर श्री जगन्नाथ महाप्रभु को विधि-विधान से शीतल जल से स्नान कराया गया। परंपरा के अनुसार स्नान के उपरांत भगवान श्री जगन्नाथ जी अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी धार्मिक मान्यता के अनुसार इन दिनों भगवान विश्राम कर रहे हैं और उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रतिदिन औषधीय जड़ी-बूटियों से निर्मित काढ़े का भोग अर्पित किया जा रहा है।

खरोरा स्थित के श्रीबालाजी दरबार में भगवान श्री जगन्नाथ जी की विशेष सेवा-पूजा की जा रही है। इस अवधि में भगवान के दर्शन सीमित रहते हैं तथा उनकी विशेष देखभाल की जाती है। श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं। पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी लगभग 15 दिनों तक अनसर गृह में विराजमान रहते हैं। इस दौरान उन्हें औषधीय काढ़े, फल एवं हल्के भोग अर्पित किए जाते हैं। इसके पश्चात भगवान नवयौवन स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं और आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन भव्य रथयात्रा में नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करते हैं।

## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड के शासकीय शहीद धनंजय वर्मा हाईस्कूल टोनाटार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शांति देवी कुंजाम, विशिष्ट अतिथि युवा सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोशले, शाला विकास समिति अध्यक्ष रोहित धीवर, उपसरपंच कुलेश्वर वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, पंच राहुल घृतलहरे, कोमल कान्त यादव, रेखा वर्मा, हिमेश्वरी वर्मा, प्यारी यादव, जागेश्वरी वैष्णव, सावित्री ध्रुव थे। कक्षा नौवीं स्कूल में पहली बार कदम रखने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम देवकुमार ध्रुव, पीलू कुमार, राजेंद्र यादव, प्राचार्य शशिकांत डहरिया, व्याख्याता गणेश राम वर्मा, रामकुमार लहरे, सुनील सिंह ठाकुर, युनेश्वरी ध्रुव, लिपिक सुरेश कुमार ध्रुव, प्रधानपाठक गायत्री कुर्रे, शिक्षक दर्शन देवांगन, महाजन साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



**पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव मना**

खरोरा। पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख, शाला परिवार, जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद सुरेश साहू ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति साहू, उपाध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, पार्षद लीला देवांगन, मितानिन पुष्पा प्रजापति, सरोजनी पाल, पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम, अनुशासन और संस्कारयुक्त शिक्षा का संदेश दिया।कार्यक्रम में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों को खीर, पूरी, केला एवं मिठाई परोसी गई। इस अवसर पर शिक्षकों चंद्रशेखर साहू, नीलम एक्का, प्रीति वर्मा, रामकरण वर्मा, सोनाली शर्मा, सुरेखा शर्मा, गिरीश यादव, पूर्णिमा निर्मलकर, मोहित साहू, डोमन साहू, मंदाकिनी चंद्राकर, शारदा ग्वाल एवं मनीषा निषाद सहित विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम के अंत में सुश्री जीरा पाध्याय ने अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने नवीन शैक्षणिक सत्र को सफल एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने का संकल्प लिया ।



## नपा ने सेवानिवृति पर दी अवकाश की 3 लाख राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त कर्मचारी रानी बाई राठौर को विदाई समारोह के दौरान ही 3 लाख की अवकाश राशि का चेक सौंपकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्ति के साथ ही देय राशि का तत्काल भुगतान होने पर कर्मचारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका की वास्तविक शक्ति उसके कर्मचारी हैं, जो हर परिस्थिति में नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि रानी बाई राठौर ने अपने लंबे सेवाकाल में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव ने कहा कि कर्मचारियों का समर्पण ही किसी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने रानी बाई राठौर के सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएँ दीं। गरिमामय समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, नंदकिशोर वैष्णव, संतीश साहू,श्रेणिक गोलछा, सभापति प्रतिनिधि देवेंद्र साहू,दशरथ साहू, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने रानी बाई राठौर का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया तथा उनके वर्षों के समर्पित सेवाकाल की सराहना की।



## बैगलेस डे पर दतान प स्कूल में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को पलारी विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान (प.) में बैगलेस डे के अवसर पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 5 पाम ट्री एवं 10 कोनाकार्पस के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया । इस अवसर पर प्रधान पाठक देवकी ध्रुव, किरण ठाकुर, अनीता रात्रे, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, मधु धीवर, सुनीता फेकर, बसंती फेकर, अमरौतिन बंजारे, सुनीता बंजारे, उषा बाई बंजारे, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, शिव कुमार वर्मा, श्रवण कुमार साहू, देवेश कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।



# छात्राओं को सरस्वती योजना की साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाहोद



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लाहोद में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान डी आर साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज लाहोद स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। खूब पढ़े-खूब बढ़े, बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चें लगन से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास करते हुए छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें। हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण कर रही है, शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर प्राचार्य के पी साहू, सरपंच किशोर साहू, डी आर साहू, साला विकास समिति के अध्यक्ष दुलार पटेल, उपसरपंच भरतभूषण साहू, रुद्र कुमार चंद्रवंशी, अमित भारती, सुमन पटेल, बसंत साहू, विजय सेन, ज्योति पटेल सरिता कोसले उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## शारीरिक क्षमता, संतुलन और मानसिक एकाग्रता का हो रहा विकास

# मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण के एक वर्ष पूरे खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिला प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के सहयोग से बलौदाबाजार में मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं। प्रशिक्षण केन्द्र संचालन एक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मल्लखम्ब प्रदर्शन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने मल्लखम्ब खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण केन्द्र ने एक वर्ष में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह केन्द्र युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित जीवन की ओर प्रेरित कर रहा है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता पर जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने बताया कि एक वर्ष के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र में नियमित रूप से बालक एवं बालिकाओं को मल्लखम्ब खेल का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, संतुलन, लचीलापन, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मानसिक एकाग्रता का उल्लेखनीय विकास हो रहा है। प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रदर्शनों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा जिले का गौरव बढ़ाया। मल्लखम्ब भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली पारंपरिक खेल विधा है जो वर्तमान समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर लोकप्रिय हो रही है। प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से जिले के बच्चों एवं युवाओं को इस खेल से जोड़ने तथा उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी सीएसआर आशा शुक्ला, मुख्य कोच अकलेश नारंग, प्रभात जांगड़े आयशा शुक्ला, शांति ध्रुव सहित समस्त मल्लखम्ब खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलौदबाजार के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## छड़िया में सहकारिता सप्ताह पर पौधारोपण



खरोरा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छड़िया में सहकारिता सप्ताह पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में बरसात के आगमन और पानी के फुबारों के साथ नीम, पीपल, बरगद, जाम, बेल के अनेक प्रकार के पेड़ लगाया गया और उसे सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। इसमें समिति अध्यक्ष नकुल राम वर्मा, प्रबंधक चैनूराम साहू, लेखापाल ओमप्रकाश साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर करण नेताम, लिपिक जसवंत साहू, अन्य कर्मचारी मंशाराम, मोहन वर्मा, धनेश्वर देवांगन एवं वरिष्ठ कृषक परदेशी देवांगन की उपस्थिति रही।






# राजस्व मंत्री ने देवरी में किया 44 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत देवरी पहुंचे। उन्होंने यहां 44 लाख रुपये की लागत से तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें ग्राम देवरी में 20 लाख की लागत से निर्मित चेक डेम और 16 लाख की लागत से बने महतारी सदन भवन का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही 8 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा की राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चेक डेम से क्षेत्र में जल स्तर बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। महतारी सदन महिलाओं के स्वावलंबन और सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। हमारी सरकार समग्र विकास के लिये प्रतिबद्ध है। गांव-गांव में लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचने से हर तरफ खुशहाली और समृद्धि दिखाई दे रही है। इस अवसर चतद जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, बलौदाबाजार जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, सभापति चंद्रशेखर ध्रुव सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।